manufacturing Vitamin B2 phosphate sodium from Vitamin B2.

(d) Although the exact role of reboflavin in human nutrition is unknown it probably plays an important part in the nutrition of eye, the formation of red blood cells, and in protein metabolism.

**Abolition of Structural Design Office**

8243. SHRI KARTIK ORAON Will the Minister of HEAVY INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether the Structural Design Office, which was supposed to be an adjunct of Structural Fabrication Workshop with annual capacity of 25,000 Tonnes has been abolished; and

(b) if so, the idea behind the abolition of the Structural Design Office?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEAVY INDUSTRY (SHRI DALBIR SINGH): (a) and (b). No, Sir. The Structural Design Office attached to the Heavy Machine Building Plant of Heavy Engineering Corporation, was initially entrusted with only structural design work. Its scope has been enlarged recently to include civil design work as well. The re-organisation was affected with a view to rationalise the design set up of the Corporation as a whole and to optimise the utilisation of the available design talent apart from removing the grievances of the civil engineers.

**केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना में आयुर्वेदिक चिकित्सकों की श्रेणियां**

8245. श्री ईश्वर चौधरी :
श्री यमुना प्रसाद मंडल :

क्या स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत आयुर्वेद चिकित्सकों की श्रेणियां कितनी हैं और उन की नियुक्ति तथा पदोन्नति के नियम क्या हैं

(ख) गत तीन वर्षों में द्वितीय से प्रथम श्रेणी और सिलेक्शन ग्रेड में कितनी पदोन्नतियां हुईं और किस आधार पर की गई,

(ग) क्या डिप्लोमाधारियों स्नातकों और स्नातकोत्तर योग्यता वाले व्यक्तियों के लिये अलग अलग ग्रेड नहीं बनाये गये,

(घ) क्या इन पदोन्नतियों में डिग्री और स्नातकोत्तर योग्यता वाले व्यक्तियों को कोई रियायत दी गई थी, और

(ङ) यदि हां तो उन का योग्यतानुसार विभिन्न ग्रेडों में वर्गीकरण करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री ए० के० किस्कू)** : (क) और (ख) केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत आयुर्वेदिक चिकित्सकों का केवल एक ही ग्रेड है। इस ग्रेड में भर्ती करने का तरीका सभा पटल पर रखे गये विवरण में दिया गया है। (ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 6832–174) इस समय न तो कोई सेलेक्शन ग्रेड का पद है और न ही पदोन्नति वाला पद।

(ग) डिप्लोमाधारियों, स्नातकों और स्नातकोत्तरों के लिये अलग से कोई ग्रेड नहीं है।

(घ) और (ङ) ये प्रश्न नहीं उठते।

---

12.15 hrs.

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

REPORTED DECISION OF OVER 100 UNIONS IN RAILWAYS TO GO ON AN INDEFINITE STRIKE FROM 8TH MAY, 1974.

(Shri A. K. Gopalan)

SHRI A. K. GOPALAN (Palghat): Sir, I call the attention of the Minister of Railways to the following matter of urgent public importance and request that he may make a statement thereon:—

"The reported decision of over 100 unions in Railways to go on an indefinite strike from the 8th May, 1974."

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI L. N. MISHRA): Sir, it is a fact that strike notice has been served on three Zonal Railway Administrations on the 22nd and on six Zonal Railway Administrations on 23rd. The strike notice has been sent by the recognised unions affiliated to the All India Railwaymen's Federation and some unrecognised unions. It is a matter for great national concern that at this juncture when negotiations have been started between the Railway Ministry and the staff representatives that they should take such an ill-advised step. I met them on the 18th of April and subsequently negotiations were started on the 20th April with Mr. Shafi Qureshi, Deputy Minister for Railways. It is very unfortunate that these negotiations had to be adjourned after it had made some progress on the 20th due to sad demise of Mr. Shafi Qureshi's father at Willingdon Hospital. In fact the condition of Shri Qureshi's father was critical but Shri Qureshi realising the importance of the occasion attended the negotiations. His father however collapsed. The negotiations had therefore to be postponed to 27th, when the Deputy Minister will be returning from his home state after performing the last rites of his father.

As I have already expressed on more than one occasion, I am prepared for a negotiated settlement with staff representatives. While such is the case, I appeal to the House to consider whether it was not inopportune for the staff side to serve the strike notice and create a panicky situation in the country, at a time when we have all to cooperate and do everything possible to avert dislocation to the nation's life-line. I appeal to all the staff in the Railways to consider this aspect and to keep in mind the fact that negotiations are in progress and not to take any precipitate step which will be harmful to the country's economy. Railwaymen of all categories belonging to all departments, whether operating, maintenance, or Railway protection staff have been doing commendable work and I can assure the House that I am always ready to do whatever is possible in the interest of staff welfare. When such is the case, there was no need for them to serve the strike notice, especially while negotiations are in progress.

I request full support from the House in dealing with the situation that has arisen. While everything possible will be done to avert the strike by striving to arrive at a negotiated settlement; if a strike, unfortunately, is forced upon the Railways, we will take all possible steps to keep up the movement of essential commodities required for the community.

SHRI A. K. GOPALAN: I have read the statement and I want to point out certain things in the statement and answer those points and ask a few questions to the Minister.

It is said in the statement:

"It is a matter for great national concern that at this juncture when negotiations have been started between the Railway Ministry and the staff representatives that they should take such an ill-advised step."

What was the step that had been taken? The step that had been taken was that they said that there must be a negotiated settlement. If there is no settlement, 'we will be forced to have a strike on May 8'. They did not say, 'Immediately we will go on a strike'. They did not say that. They

definitely said, 'We do not want a strike. We want only a negotiated settlement. We are not for a strike. We want a settlement.' Then why were they forced to give a strike notice? They were forced to give a strike notice because from what has happened for the last one year and what has happened for the last two or three months, they were sure that the Government, as it is shown in this statement, does not at all want to have a negotiated settlement. They want to provoke the workers for a strike. They do not want a strike. They know that the workers want a negotiated settlement. But the Government want a strike because it is only by a strike they can suppress the workers and try to disrupt the workers if they can. It is the Government's policy that they want the strike, but, unfortunately, the workers are not for a strike.

The resolution passed by the All India Railwaymen Federation was sent in February. I want to ask the Minister, after February, why did they not think of calling the Railwaymen's Federation? They will call only those whom they like. Why did you not call them and have a talk about their demands? Was anything said about the demands, that they are unreasonable? No, Sir. Firstly, what is the word used? 'Harmful to the country'. What is harmful? I will ask the Minister and tell him what is harmful. Even when the negotiations began, what did happen? Why did the Railway Ministry send a Member in charge of the Railway Board who was given no powers. He had to say, 'I have no powers at all. I cannot negotiate and settle anything. No power is given to me.' Did they not know that he could not settle?

Then they said that Mr. Qureshi, the Deputy Minister will settle. But, unfortunately, his father died and we are sorry for him. But if the father of the Deputy Minister dies, when the Minister is quite alive, hale and hearty and strong, why does not he begin the negotiations? May I understand, with all respect to the Minister, that Mr. Qureshi is more effective and more efficient than the Railway Minister? Why does not the Railway Minister take up the question and then say, 'Till Mr. Qureshi comes, I will continue the negotiations." They did not do that. Not only that the Railway Minister did not continue the negotiations but the other day in the paper it is reported that the Political Affairs Committee is discussing, the Cabinet is discussing and with all that, the Minister cannot negotiate and settle. So, the workers understood that it was very clear from the facts and actions that have come up, that the Government is not at all willing to have a negotiated settlement but they want to destroy the organization and suppress the workers.

I want to ask a question. Here it is said:

> "My mind is open and I am prepared for a negotiated settlement with staff representatives."

The other day, he said, 'The doors are always open'. Yes, the doors are always open, but, who is inside the door? Nobody is there to negotiate. The doors are open not for negotiations. The doors are open so that those who are arrested under the MISA and other laws are kept inside the doors. The doors are open so that the workers may be suspended! So, what has happened, Sir? He also says in his statement that serving of strike notice will create a 'panicky situation in the country'. I quote what he has said in his statement on page 2. Is it the workers who create such panicky situation in the country? They do not create any such situation. The workers every day go to the Minister and request him, please tell us which of the demand of ours is not reasonable or not legitimate; we will consider; please accept all our legitimate and reasonable demands. Railway must be considered as an

(Shri A K. Gopalan)

industry. The ILO Convention as early as 1919 has defined Railways as an Industry. Even after 26 years of our independence Government does not consider Railways as an industry. Why should there be differentiation between the Railway workers and the workers of public undertakings in the country? Why should not the same position be operative so far as pay is concerned, so far as bonus is concerned, so far as other amenities are concerned? Is it creating panicky situation when, they demand all these things? Not at all. On the other hand it is the Government which creates a panicky situation, when they say, so many trains are being cancelled and so on. It is by cancelling the trains that Government wants to create panic. It is only Government which wants to create panic among the people, telling them, it is the railwaymen who are responsible for this stoppage of trains. Suddenly the question of want of coal has come in. It is not a question of want of coal. It is a question of want of a correct policy They try to create some difference between the people and the railwaymen, to create some difference between the people and the railway workers, due to which trains had been cancelled.

And also in his statement the hon Minister says that they should not 'precipitate any step which will be harmful to the country's economy'. Is not cancelling the trains a step which is harmful to the country's economy? Will the economy develop everyday if everyday so many trains are being cancelled? Is it the stopping of trains in this manner that will precipitate the economic crisis.

SHRI INDRAJIT GUPTA (Alipore). It is the Government which has gone on strike.

SHRI A K. GOPALAN: Yes, it has gone on strike The Government has gone on strike, not the workers.

It is they who precipitate all these things If so many trains are not running, what will happen? Will not the economy be affected? And then he says in the statement: 'If a strike is unfortunately forced upon us we will take all possible steps.' He says that if the trains do not go, the loss would be to the extent of hundreds of crores of rupees every day. They do not mind such loss. But when it comes to a question of giving a few naye paise more to the workers, they grudge it They do not want to give it. This is the policy pursued by the Government in this regard for the last so many years. During the previous locomen strike what happened? They had to work from 40 to 60 hours a week They went on strike in August 1973, the agreement was, signed. But this was not implemented. The workers were provoked into strike in December, 1973 Another agreement was made in February. That also was not implemented. In this way they provoke a strike. When a strike comes, they come to a settlement, and after the settlement, they themselves break the agreement and again provoke them for a strike It is this kind of a thing which is harmful to the country's economy.

He says that there is no need for them to resort to strike. May I ask him how many persons were arrested under the MISA and under the DIR? I can give you any numbers of names of persons who have been arrested and who have been detained before the strike notice was given. 50 workers of NF Railway were arrested under the D I R. and MISA. 600 workers were suspended and over 200 were dismissed, payments to suspended employees have been stopped

That is not the only thing. Another important thing is this Nobody expected this; not even in the British days, the Britishers supported black-legging. In the British days, there was no open encouragement to the black-legging saying that if there is a strike and if anyone works, they will certainly give a job to his child-

ion and they will give more promotions. In British time, did they do black-legging telling the workers that if they do not go on strike, they will be given promotion? It is this Government which is doing this sort of thing I only want to ask the Minister whether the Government and the Ministry will understand the writing on the wall There are two ways—one is there should be negotiations by creating a peaceful atmosphere and create confidence in the minds of the workers Is the Government really interested in meeting all the demands that the employees have put forth? If there is any difficulty, please make them understand what the difficulties are. The other way is to suppress the workers or kill the workers. That method had been used for the last three months. I do not want to go into the details. In Gujarat, it was tried, in Bihar that is being tried and in other places also it is being tried. The Government has not learnt a lesson In 1974, when such things are happening, the railway workers struggle will not only be a struggle of the railway workers but it will be a struggle of the whole working people Because, it is a challenge to the workers who had been participating in a demonstration Because of that agitation, the working people had been arrested It is against fundamental right This is a challenge not only to the workers but to the whole democratic citizens in this country. In this year we do not want anybody to agitate, we do not want to hear what they say namely, "do not agitate, do not go on strike, do not do anything.

I want to know whether the Government is really anxious to see that a negotiated settlement is made. Will the Government see that they release all those who are arrested and see also that the trains are not cancelled? Whether the strike will come about or not depends upon the Government and not upon the workers. The Government should see that they are allowed to work and those arrested are released and a peaceful atmosphere is created thereby. The situation is created in such a way that you start negotiations immediately and see that a settlement is reached. You see that the Government does not act in this way. What have they done till now for the last one year or so when they had been agitating? There was Locomen's strike, there was Guards strike and there was also Station Masters' strike. They are only trying to suppress the railwaymen's agitation by doing all sorts of things. Will the Government refrain from doing these things and earnestly try to arrive at a negotiated settlement with them quickly? Before that, will they release all those who were arrested and see that a peaceful atmosphere and great confidence in the minds of the railwaymen are created?

SHRI L N. MISHRA: Sir, at the outset, I shall say that the Government is all for a negotiated settlement. We are very keen and we are very serious for a negotiated settlement We have set up a Committee already Perhaps, Shri Gopalan was not briefed properly by the Members of his Party who attended the meeting At that meeting, Shri Samar Babu was present. *(Interruptions)* Why don't you hear me? I heard Shri Gopalan patiently. Please allow me to tell you one thing. In that meeting, the attitude I and the Government took was very helpful I leave it to Members to say whether it was helpful or not.

We set up a Committee under the chairmanship of Shri Mohd Shafi Qureshi There was Locomen's strike. So far as it was concerned, I myself settled it Here we should keep something in reserve and, if some crisis comes then I shall step in and try to be helpful to the Committee. That is the main strategy I know everything that is going on in the meeting though I kept on sitting in the next room Officers are there and Shri Qureshi is there They all inform me of it I may tell you that our intention is to avert this strike. For that, I seek the cooperation of the

[Shri L. N. Mishra]

Members of the Opposition. We are very much concerned. We know the consequences of such a big strike on an all-India basis. One sentence that Shri Gopalan uttered was a very significant one, namely that the strike would not remain confined only to railwaymen. This shows the real idea behind the strike. Even if I offer everything, I do not know whether they will accept and call off the strike. If a political motivation is there, then we are just helpless. But there is onething that I would like to say. It is not against all the parties in the Opposition that I am saying this; it is not against all the Opposition parties. I know, because Government have got their own sources to find out, and I know who is doing what; and I do not want to read many of the reports that come, but when the time will come, I shall come before the House and place before the House what kind of organisation has been going on, what preparations are going on to paralyse the national economy. If that situation is there, if this is the attitude.. .(*Interruptions*)

शास्त्री जी नाराज हो गये हैं। क्या उन्हें याद है कि कल उन्होंने क्या भाषण दिया है? उन्होंने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के बीच में जो भाषण दिया है, मैंने उसको देखा है।

श्री रामावतार शास्त्री : क्या भाषण दिया है?

श्री एल० एन० मिश्र : वह जानते हैं। वह भाषण लिखा हुआ है।

श्री मधु लिमये (बांका) : अध्यक्ष महोदय, वह ख्वाहम-ख्वाह लांछन लगा रहे हैं। वह अपने शब्दों को वापिस लें। (व्यवधान)

MR. SPEAKER: The hon. Minister has been listening to the hon. Members with patience. Now, they should listen to him patiently.

SHRI L. N. MISHRA: Shri Gopalan had raised the question of arrests. About 22 people on an all-India basis have been arrested so far since January last. That has nothing to do with trade union activities. I shall read out and tell you what the exact position is There are 22 cases of arrest from January, 1974 onwards, and these are for attempted assault, intimidation, obstruction to railway working and other acts. No one has been arrested for trade union activities. (*Interruptions*) The hon Member has no business to talk like this. I was saying that no person had been arrested for trade union activities but for other things they were arrested. (*Interruptions*) If they are not interested in the reply, I am not anxious to give a reply, because I have already made the statement. But if they want the reply, they must hear me.

SHRI DINEN BHATTACHARYYA (Serampore): He is giving us a challenge. He must reply as long as he is the Railway Minister. Otherwise let him resign and go back and remain at home. You should have resigned by this time.

SHRI L N. MISHRA: Why?

SHRI DINEN BHATTACHARYYA: You are bringing politics into this. Your extra-parliamentary work is creating all this trouble.

SHRI INDRAJIT GUPTA: Why did he not care to reply to the specific point Shri Gopalan had raised as to why they announced today in a dramatic way the cancellation of so many trains, creating a panicky atmosphere?

SHRI L. N. MISHRA: I will say, provided you allow me to say.

We have taken stock of the situation. We said it was very necessary to have sufficient stock of coal and other essential raw materials for the

use of power houses, steel mills etc. We have to divert some engines to move additional goods trains. We are running additional goods trains. We have a limited number of locos. Therefore, some of the passenger trains are going to be cancelled—have not been cancelled—so that we can run additional goods trains for emergency and provide sufficient quantity of coal etc. for running power houses, steel mills and other essential services. Therefore, we have to resort to this. I will be happy if Shri Indrajit Gupta could prevail upon his people not to go on strike...

SHRI INDRAJIT GUPTA: Are you suggesting that it has nothing to do with the strike, that even if there was no strike notice, you would have cancelled these trains?

SHRI L. N. MISHRA: I do not say it has nothing to do with the strike...

SHRI INDRAJIT GUPTA: From tomorrow you are going to put us to these difficulties. Is he suggesting that even if there was no strike notice, he would have cancelled all these trains?

SHRI L. N. MISHRA: No...

SHRI INDRAJIT GUPTA: What has it got to do with conserving coal?

SHRI DINEN BHATTACHARYYA: He is for confrontation not for negotiation. This is politics. He has shown it in Bihar.

**श्री राम रतन शर्मा (बांदा)** : अध्यक्ष महोदय, मैंने मन्त्री महोदय का वक्तव्य देखा और उन्होंने जो यहां पर बात कही वह भी मैंने सुनी। मन्त्री महोदय ने अपने वक्तव्य मे तथ्यों को तोड़ा मरोड़ा है और यहां पर उन्होंने जो बात कही है ऐसा लगता है कि वह दिल से बहुत अधिक नाराज हैं।

**श्री एल० एन० मिश्र** : कभी नही।

**श्री राम रतन शर्मा** : और उस नाराजी के कारण वह एक चैलेंज दे रहे हैं। मैं आग्रह करूंगा कि मन्त्री महोदय ठण्डे दिमाग से इस बात को सोचें। रेलवे कर्मचारियों की मांगों के बारे में मैं कुछ पूछने के पहले उन का इतिहास रखना चाहता हू कि मन्त्री महोदय के सामने वह कब से ला रहे है। यह कोई नई चीज नहीं आ रही है। रेलवे कर्मचारी अपनी मांगो के लिए बहुत समय से कहते चले आ रहे है। 27 फरवरी, 1974 को रेलवेमैन की 110 यूनियनों ने मिल कर के राष्ट्रीय संघर्ष समिति का निर्माण किया। उस राष्ट्रीय संघर्ष समिति मे सम्पूर्ण देश की रेलवे मैन यूनियन शामिल है। केवल एक यूनियन शामिल नहीं है एन एफ आई आर। उस राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने जो 27 फरवरी, 1974 को बनी अपनी 6 सूत्रीय मागो के सम्बन्ध मे उसी दिन रेजोल्यूशन पास किया जो मन्त्री महोदय को 4 मार्च, 1974 को भेजा गया। खेद का विषय है कि उन मागो की प्राप्ति की सूचना मन्त्री महोदय ने उस यूनियन को आज तक नही दी। इस के बाद 13 अप्रैल, 1974 को लेबर मिनिस्टर ने एन सी सी आर एफ, उसी राष्ट्रीय संघर्ष समिति और दूसरी यूनियन को बात करने के लिए बुलाया और यह बात करने लगे कि किस तरह से इन मागो पर समझौता हो। इस के बाद उसी दिन रेलवे मिनिस्टर ने एक परसनल लैटर मिस्टर जार्ज फरनेन्डीज को लिखा कि आप अपने साथियों के साथ 12 अप्रैल, 1974 को इस सम्बन्ध मे बात करने के लिए आये। उस दिन तक रेल मन्त्री महोदय के दिमाग मे यह बात स्पष्ट नही थी कि वह केवल रेकग्नाइज्ड यूनियन से बात करेंगे या अनरेकग्नाइज्ड यूनियन से बात करेंगे या दोनों से मिल करके बात करेंगे क्योंकि इस संघर्ष समिति मे सभी तरह की यूनियन शामिल हैं। 12 अप्रैल, 1974 को रेल मन्त्री महोदय ने मिस्टर वारियर, मेम्बर स्टाफ, रेलवे बोर्ड को बात करने के लिए नियुक्त किया। 15 अप्रैल, 1974 को उन्होंने बातचीत शुरू की। 60 मिनट तक बात हुई और उस बात

[श्री राम रतन शर्मा]

से यह निकला कि उन को कोई पावर बातचीत करने की नही थी वे तो ख्वामख्वाह बीच मे डाल दिए गए । उन को कोई पावर नही थी। जब यह बात समाप्त होने को आई तो 15 तारीख को फिर से सघर्ष समिति ने रिक्वेस्ट किया रेलवे मिनिस्टर से और बात करने के लिए कहा। मन्त्री महोदय वहा पर 15 अप्रैल 1974 को सघर्ष समिति के मैंबरो ने उन से प्रार्थना की। मन्त्री महोदय अपने केबिन मे बैठे थे लेकिन उन्होने कहला भेजा कि वह बीमार है और इस के बाद वह डिनर पार्टी मे चले गए। एकोनामिक राइटर के साथ डिनर पार्टी मे चले गए अभी इग्लैड मे खान वर्कर्स की स्ट्राइक हुई थी तो वहा के प्रधान मन्त्री बात करने के लिए आये थे, लेकिन मुझे यहा ऐसा लगता है कि मन्त्री महोदय स्वय बात न करके इस मामले मे छोटे लोगो को डालने की कोशिश कर रहे है और शायद वह रेलवे कर्मचारियो के साथ बात करने मे कुछ हीनता का अनुभव कर रहे हैं। 15 अप्रैल के बाद जैसा कि सभी लोग जानते है कुरैशी साहब को यह बात करने का काम दिया गया। उन के पिता जी का देहान्त हो गया यह दुख की बात है, लेकिन इस के बाद मन्त्री महोदय अगर बात करते तो कुछ मामला सुलझ सकता था। 20 लाख आदमियो ने स्ट्राइक पर जाने का नोटिस दिया है। 20 लाख आदमियो का परिवार मिला कर एक करोड का प्रश्न उठता है, राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक तरह तरह के प्रश्न आप के सामने आएगे। उन को देखते हुए मैं मन्त्री महोदय से कुछ सवाल पूछना चाहता हू।

क्या रेल मन्त्री महोदय रेल सघर्ष समिति यानी एन सी सी आर एफ की 6 तृतीय मागो प सद्भावनापूर्ण विचार करने के लिए एन सी सी आर एफ की सभी घटक यूनियनो के प्रतिनिधियो को 27 अप्रैल से पहले बुलाएगे और यूनियनो मे वार्त्ता करने मे केवल ।न्यता प्राप्त है अथवा नह इस प्रश्न को सामने नही लाएगे ?

क्या रेल मन्त्री महोदय यह भी बतलाएगे कि देश मे जो 4 लाख कैजुअल लेबर है उन को सम्पूर्ण देश से एक समान वेतन मिले इस दिशा मे कोई ठोस कदम वह उठाएगे ताकि रेल अधिकारी उनका शोषण न कर सके ?

क्या जिन रेल कर्मचारियो को सम्भावित हडताल के कारण डी आई आर, मिसा या अन्य अधिनियमो के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया है उन्हें मन्त्री महोदय अविलम्ब रिहा करेगे और ऐसी व्यवस्था करेगे कि उनके विरुद्ध बदले की कोई कार्यवाही न हो सके ?

**श्री एल० एन० मिश्र** माननीय अध्यक्ष महोदय, सब से पहले तो मैं यह बात साफ कर दू बार बार कहा जा रहा है कि मैं मीटिंग मे क्यो नही रहा, मैं नाम तो नही जानता माननीय सदस्य का मगर उन को कोई सूचना अगर मिली कि मैं दफ्तर मे था और दफ्तर से कहीं डिनर मे चला गया तो यह सूचना सही नही है। शफी साहब को उस बैठक मे जाना था। उन को हटा कर मैं जाना नही चाहता था और शायद कुछ काम भी था। लेकिन यह अच्छा नही होता जो कि सभापति है और जो वहा मौजूद है उन्हे हटा कर मैं वहा जा कर बैठ जाना। शफी साहब अनुभवी आदमी है, अच्छे आदमी है, अच्छे ढग से काम कर रहे है। जहा तक मेरे आने की बात है मैं हमेशा तैयार हू। जो लोग इस आन्दोलन के साथ हैं या इस सगठन के साथ सम्बन्धित है, मैं नाम नहीं लेना चाहता हू, क्योंकि उस तरफ भी हमारे दोस्त हैं, हम ने कितना उन को एकोमोडेट करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि अन-रिकग्नाइज्ड यूनियन्स को भी बुलाओ। रेलवे मे दो रिकग्नाइज्ड फैडेरेशन्ज है—ए० आइ० आर० एफ० और एन० एफ० आइ० आर०। हम ने सोचा कि अनरिकग्नाइज्ड को बुलायेगे तो बहुत ज्यादा शोर मचेगा क्योंकि रेलवे में 700 अनरिकग्नाइज्ड यूनियन्ज हैं- इस लिये हम ने इन दो को न्यौता दिया और यह छूट दी कि जिस को भी आप डेलीगेट बना कर लाना चाहते हैं, ला सकते है। नतीजा यह हुआ कि दोनो

सगठनों के लोग अन-रिकग्नाईज यूनियन्ज के लोगों को भी अपने साथ लाये उन में डांगे साहब जैसे व्यक्ति भी थे, जनसघ के लोग भी थ, सभी थे। यह छूट इसी ख्याल से दी गई थी कि ज्यादा से ज्यादा व्यक्ति उस मीटिंग में आ सके और बहस में शरीक हो सके और वे शरीक भी हुए?

हम ने जो वायदा किया था, हम उस का पालन कर रहे हैं–हम ने कहा था कि जब तक नैगोशियेन्ज चलती रहेंगी, जब तक बात होती रहेगी तब तक कोई विन्डि क्टिवनेस की बात नहीं आयेगी, न तबादला हो सकता है, न गिरफ्तारी हो सकती हैं, किसी तरह की कोई बात नही होगी। हम ने जो आश्वासन दिया था, हम अभी तक उस पर चल रहे हैं और जब तक फैसले पर नहीं पहुंच सकेंगे तब तक उस पर चलते रहेंगे।

मैं माननीय सदस्यों से यह भी कहूगा कि हम इस वक्त बहुत नाजुक स्थिति में गुजर रहे हैं इस स्ट्राइक का बहुत बहुत बुरा प्रभाव पड़ने वाला है

SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN (Coimbatore): Sir, the Minister has said that he wrote to the two recognised Federations. This is factually incorrect. He sent an invitation to the National Federation of Indian Railwaymen and to Mr. George Fernandez as an individual. At that time, when they were having negotiations, we came there and insisted that we are the action committee and the Minister agreed to that. How can you say something else now, I would like to know... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You have another Member of your party already on the list. Why do you break the convention?

SHRI L. N. MISHRA: I invited two associations, one of Mr. George Fernandez, Chairman of the All India Railwaymen's Federation and Shri A. P. Sharma of National Federation of Indian Railwaymen.

SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN: No. It was not the Chairman of AIRF.

श्री मधु लिमये : अध्यक्ष महोदय यह गलत बोल रहे हैं (*Interruptions*)

SHRI L. N. MISHRA: There, I stand corrected. I did not say, Shri George Fernandez, Chairman of such and such Federation. I wrote to Shri George Fernandez and Shri A. P. Sharma, both of them Chairmen of the two Federations. This was done as a result of discussions. If everything has to be said here, it will not be in the interest of the negotiations. Just to accommodate my friends, this way out was found. They said that if I do not mention the word 'Chairman', they will come and join the meeting; otherwise they won't come and join. It was mainly for the purpose of bringing them to the meeting that I had to make this change or amendment or improvement They came to the meeting In the meeting, their attitude has been helpful. I do not blame anybody. Of course, they put forward their demands. Their attitude was helpful. I only wish that this helpful attitude continues, and we arrive at some kind of a negotiated settlement on all the issues, and if some issues are left out, we will discuss them later on. I would appeal to all to have a negotiated settlement. I would request specially Shrimati Parvathi Krishnan, who is the President of the newly formed Federation to have the same flexible attitude that I have been taking on this. I am all flexible. We can have a negotiated settlement, if you are really serious about it.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY (Nizamabad): I congratulate the Minister for having taken a sympathetic attitude towards the strike. In

[Shri M. Ram Gopal Reddy]

the last paragraph of his statement he has appealed for the support of this House. I want to asure the Minister that, barring a few members, the entire House is behind the Minister... *(Interruptions)*

MR. SPEAKER: After all, Shri Bosu should not expect him to fall in tune with him. He has got his own point of view to present.

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour): Sir, his Calling Attention Notice was typed in the Railway Board's office.

MR. SPEAKER: You also bring Calling Attention Notices. Where do you get them typed?

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: I conclude from the speech of Shri A. K. Gopalan, the leader of the opposition, that he thinks that the entire revenues of the State are meant only for the railway employees. The Indian nation has invested about Rs. 4,000 crores for the last one hundred years on the railways. What is it that the Indian nation is getting out of that investment?

मैं रेल मंत्री जी से पूछना चाहता हूं—अगर रेलवे स्टाफ की मांगों को ज्यों का त्यों मान लिया जाए तो वह रकम कितनी होती है? अगर वह रकम दी जाए तो उस का भार रेलवे यूज़ेज पर पड़ेगा या नहीं। अगर रेलवे यूज़ेज पर बोझ पड़ रहा है तो ये किस मुंह से गरीब लोगों से टैक्स दिलवाना चाहते हैं?

अपने देश में बहुत से लोग ऐसे भी हैं जो "नो-इन्कम ग्रुप" में आते हैं — उन का लिहाज अपोजिशन पार्टियों को नहीं है और सिर्फ चीप-पोपुलेरिटी के वास्ते इस किस्म की बातें करते हैं। दे शुड नाट एप्रोप्रियेट दि सिम्पथी आनरेबल मेम्बर्स। हमारे यहां एक कहावत है—सारे जहां का दर्द हमारे जिगर में है। यह कहना गलत है कि हमारी मैजोरिटी पार्टी है, इस लिए हमें उन का ख्याल नहीं है। इस देश को चलाने की हमारी जिम्मेदारी है और हमारे दिल में रेलवे एम्पलाइज के लिए पूरी हमदर्दी है। लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं—जहां डफिसिट एरियाज़ हैं वहां को अनाज और कोयला पहुंचाना है यह काम सबसे जरूरी है इस लिए ऐसे मौके पर हड़ताल करना ठीक नहीं है रेलवे एम्पलाइज अच्छे लोग हैं, मैं उन को दोष नहीं देता हूं। लेकिन कुछ डिस्क्रेडिटड, फारगोटन लोड से हैं वे लोग ऊपर आना चाहते हैं— इसलिए वे इन लोगों को भड़का रहे हैं— हमारे देश में पाकिस्तान और चाइना को सपोर्ट करने वाले लोग हैं— एक बार उन को माफ किया जा सकता है, लेकिन जो स्ट्राइक करने वाले हैं उन को देश कभी माफ नहीं करेगा।

मैं देहातों में पार्लियामेन्ट्री अफेयर्स मिनिस्टर साहब के साथ घूमा—वहां हमने यही कहा है कि ये लोग हड़ताल करा रहे हैं और लोगों ने अपनी जबान में इन के बारे में जो कुछ कहा है, वह हम जानते हैं। इस देश के लिए इन के दिल में जरा भी हमदर्दी नहीं है।

श्री ए० एम० मिश्र: अध्यक्ष जी, जहां तक आर्थिक बोझ का सवाल है, फाइनेंशियल इम्प्लीकेशन्स का सवाल है वह करीब साढ़े 4 सौ करोड़ से लेकर 5 सौ करोड़ तक होगा। जैसा कि आप जानते हैं इस साल 190 करोड़ के घाटे से रेलवे का बजट शुरू हुआ है और अगर साढ़े 4 या 5 सौ करोड़ और दे दें तो फिर रेलवे फेयर और फ्रेट्स इतने बढ़ाने होंगे जिनका बोझ इस देश की जनता अभी जो देश की हालत है, उसमें उठा नहीं सकती है।

श्रीमती सावित्री श्याम (आंवला): अध्यक्ष महोदय, मैं बड़ी जिम्मेदारी के साथ कहना चाहती हूं कि इस रेलवे स्ट्राइक का सम्बन्ध रेलवे कर्मचारियों की ग्रीवांसेज, उनके कष्टों या उनके दुखों से कम है बल्कि यह स्ट्राइक राजनीति के नजदीक अधिक है।

जैसा कि रेलवे मिनिस्टर कह रहे थे यह स्ट्राइक पोलिटिकली मोटिवेटेड है उसपर उधर के हमारे मित्र बहुत नाराज हुए। लेकिन जो, लोग भ्रान टाप भ्राफ दि वायस नाराज होकर बोल सकते हैं, चिल्लाकर बोल सकते है, वे शान्ति प्रिय लोगो को काऊ-डाउन नही कर सकते हैं। यह बात बिल्कुल सही है कि इस स्ट्राइक के पीछे राजनीति है (व्यवधान) मैं पूछना चाहती हू श्री जार्ज फर्नांडीज जो सोशलिस्ट पार्टी के चेयरमैन हैं वह वहां पर कोम्रार्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन नही है ? क्या श्रीमति पार्वती कृष्णन जो नेशनल कमेटी की मेम्बर है वह इसके अन्दर सम्मिलित नही है ? क्या भ्रौर पोलिटिकल मेम्बर्स इसमें सम्मिलित नही है । (व्यवधान) मैं जानना चाहती हू क्या भ्राप इस प्रकार से रेलवे कर्मचारियों के साथ या दूसरे कर्मचारियो के साथ सिस्टमेटिक तरीके से इस देश मे कयास नही पैदा करना चाहते है। मैं समझती हूं मत्री महोदय के लिए वह देखने की बात है, सारी सरकार भ्रौर कैबिनेट को देखने की बात है कि पोलिटिकल पार्टीज के इन प्रयासो को किस तरह से कमजोर करते हैं भ्रौर किस तरह से इस सिचुयेशन को हैंडिल करते हैं।

वैसे मैं कहना चाहती हूं एक साल हो गया इस स्ट्राइक की बात को सुनते हुए, काफी देर लगी है इस मसले को ठीक करने के लिए भ्रौर जब इतनी देर हो गई तो स्थिति कुछ काबू से बाहर हो गई भ्रौर भ्रब इन्होने बातचीत करने की ठानी है। इतना जरूर है कि श्री शफी कुरेशी एक योग्य व्यक्ति है, वे बात चीत कर रहे हैं, उनके हाथ से कोई भी पावर लेने की जरूरत नही है, 27 तारीख को वे बातचीत शुरु करेंगे, उनको बात करने दो जाए लेकिन इसके लिए एक भ्रवधि निश्चित कर दीजिए कि बातचीत कब तक चलेगी भ्रौर उसका नतीजा भी हाउस को बतायेंगे तथा प्रकाशित करेगें। मै मन्त्री जी से जानना चाहती हू कि जब सरकार ने बोनस की बात को माना था तब क्या इस बात को नही सोचा था कि इसकी प्रक्रिया हमारे दूसरे विभागों पर क्या पड़ेगी। इन्होंने उसको डैफर्ड वेज कहा भ्रौर इस फार्मूले को वहां पर मान लिया। ट्राइब्यूनल ने मान लिया सुप्रीम कोर्ट ने मान लिया भ्रौर जो सरकार के रिप्रजन्टविव थे उन्होंने भी मान लिया क्या इसका मतलब यह है कि जो गवर्नमेन्ट डिपार्टमेन्ट या गवर्नमेन्ट भ्रन्डरटकिंग्ज कमाड हैं, वह चाहे एल० भ्राई० सी० हो या कोई दूसरी हो, उसको सिर्फ उन्हे ही खाने का भ्रधिकार है भ्रौर जो दूसरी संस्थाए है, दूसर सरकारी विभाग है जो सामाजिक सेवा करते है, सोशल सर्विस करते है, शिक्षा था चिकित्सा सम्बन्धी सेवाएं देते हैं उनको जीने का भ्रधिकार नही है। क्या इसी का नाम समाजवाद है ? बम्बई में चर्चगेट पर एक ही जगह पर रेलवे का दफ्तर है भ्रौर एल० भ्राई० सी० का दफ्तर है- वहा एक दफ्तर मे फोर्थ क्लास एम्पलाई को साढे चार सौ रुपये मिलते है भ्रौर दूसरे दफ्तर मे 196 रुपये मिलते है- यह कहा का न्याय है ? इसलिए मैं कहना चाहती हू इस मामले को केवल रेल मंत्री को नही बल्कि पूरी कैबिनेट भ्रौर सरकार को देखना होगा कि हमने जो बोनस का फार्मूला माना है वह कहाँ तक देश के लिए हित मे हो सकता है। मैं रेलवे डिपार्टमेंट को कोई प्रोडक्टिव डिपार्टमेंट नही मानती हू। यह डिपार्टमेंट समाज सेवा करता है कुछ रेवेन्यु भी देता है लेकिन प्रोडक्शन बढाने वाला संस्थान नही है। रेलवे डिपार्टमेंट कोई फैक्टरी नही है या कोई फर्म नही है।

माननीय मन्त्री जी से मेरे दो तीन प्रश्न है। पहली बात मैं यह जानना चाहती हू जो यूनियने की चार्टर भ्राफ डिमाण्डस है, जिसमे 8 डिमाण्ड्स पेश की है वह उनकी वास्तविक कठिनाइयो, उनके कष्टो मे कितनी नजदीक है भ्रौर कहा तक यह प्रभावित है उन दूसरे संस्थानो के लोगो से जिनको वह फैसिलीटी मिल रही है भ्रौर रेलवे कर्मचारियो को वह फैसिलीटी नही मिल रही है ?

मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि क्या ये एक भ्रवधि निश्चित करेगे कि कब तक निगोएिक

( **श्रीमती सावित्री श्याम** )

शन्स चलते रहेंगे और कब तक बात समाप्त हो जायेगी ?

मेरा तीसरा प्रश्न यह है कि बोनस के फार्मूले पर जो उनसे बात चीत करेंगे वह कहां तक न्यायोचित होगी क्योंकि सारे देश में और कितने विभाग हैं, फिर राज्य सरकारें हैं, म्युनिसिपैलिटीज हैं कहा कहां पर आप उसको लागू कर सकेंगे और जैसा कि रेड्डी साहब ने पूछा था कितना खर्चा उस पर आयेगा और उस का बोझ किस पर पड़ने वाला है ?

मेरा चौथा प्रश्न यह है कि रेलवे डिपार्टमेंट की जो रिकग्नाइज्ड यूनियन हैं उनसे बातचीत करेंगे लेकिन उनकी बात को तबतक नही मानेंगे जब तक कि यूनियन्स अनकंडीशनली स्ट्राइक वापस न ले लें।

**श्री एल० एन० मिश्र** : अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने बहुत सी बातें उठाई हैं। प्रारम्भ में मैं यह कहना चाहता हूं कि रेलवे पब्लिक सेक्टर अण्डरटेकिंग नहीं है बल्कि एक डिपार्टमेंट है। पब्लिक सेक्टर अन्डरटेकिंग की तनख्वाह, वेज और दूसरी सुविधाओं मे फर्क है इसलिए बोनस का सवाल अभी तक रेलवे मे रहा नही। उनकी माग है लेकिन मैं कहना चाहता हू हमारे लिए यह बडा कठिन होगा।

जहां तक नेगोसियशन खत्म होने की बात है, वह जितनी जल्दी समाप्त हो हमें उतनी खुशी होगी। मैं सभी से आग्रह करूंगा कि 27 तारीख से शुरू करें और एक दो रोज में खत्म कर डालें। पहले हम मीटिंग में बैठे थे तो एक मांग यह थी कि रेलवे कर्मचारियों के लिए गल्ले की दुकानें होनी चाहिए जैसे कि फेयर प्राइस शाप्स होती हैं तो उस माग को हम ने मान लिया था कि तीन सौ कर्मचारी जहांपर रहेंगे वहां पर फेयर प्राइस पर ग्रेन्स देंगे। चावल, गेहूं, दाल आटा और दूसरी खाने की वस्तुएं जो होंगी वह देंगे। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि हम बहुत मुस्तैद है और हम चाहते है दो एक दिन में बात करके सेटिलमे हो जाये। हमारा दिल बिल्कुल साफ है और हम चाहते हैं कि नेगोशिएटेड सेटिलमेंट हो।

फाइनेंशियल एप्लीकेशन की जहां तक बात हैं, मैं ने बताया साढ़े चार सौ करोड़ तक होगा जिसका भार इस देश के लोगों पर ही पड़ेगा।

**श्री एस० एम० बनर्जी** (कानपुर) : अध्यक्ष महोदयों, विरोधी सदस्यों पर काफी हमले हुए हैं इसलिए मैं आपसे दरख्वास्त करूंगा कि आज मुझे कुछ ज्यादा समय दिया जाये।

**अध्यक्ष महोदय** : समय तो उतना ही मिलेगा, उसी मे आप कह लीजिए।

**श्री एस० एम० बनर्जी:** मेरा कहना है यह ताली बजा बजा कर हड़ताल भी करा लेंगे और मन्त्री को भी ले डूबेंगे। (**व्यवधान**)

**अध्यक्ष महोदय** : मैं ने यह बात इसलिये कही थी कि आप को पता होगा कि वाजिद अली शाह की टीम मे एक ऐसी आर्मी थी जिस के हाथ मे हथियार नहीं था, केवल ताली थी और ताली बजा कर दुश्मनों का मुकाबला करते थे।

**अध्यक्ष महोदय** : जो आश्वासन मन्त्री महोदय ने दिये थे, उन्होंने कहा है कि उन का दिमाग और दरवाजे खुले हुए हैं और 27 तारीख से निगोशियेन्स शुरू होंगे। मैं आप को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि जिस संस्था को हम रिप्रजेन्ट करते हैं और जिस के अध्यक्ष श्री एस० ए० डांगे है, या नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी फौर रेलवेमैन स्ट्रगिल जिस के कनवीनर श्री जार्ज फरनाडीज हैं, मैं कहना चाहता हूं कि जितने लीडर्स उस मे शामिल हैं, सब ईमानदारी से चाहते हैं कि समझौता हो, और संतोषजनक समझौता हो, बाइज्जत समझौत हो।

मैं आप की आज्ञा से एक पत्र जो श्री जार्ज फरनांडीज ने मुझे लिखा है उसमें से कुछ

पोर्शन पढ़ना चाहता हूं ताकि लोगों का दिमाग साफ हो जाय और समझें कि हम क्या चाहते हैं। (व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय शर्मा जी के दिमाग को साफ करना नहीं चाहता । दिमाग हो तो साफ करूं।

**अध्यक्ष महोदय** : ऐसी बातें क्यों करते है। क्या पता है किस के दिमाग मे क्या है। ऐसी बातों में न पड़िये।

**श्री एस० एम० बनर्जी** . उन्होंने कहा है

"If the attitude of the Government is that our demand cannot be conceded, then we have no choice but to strike. But if they settle our disputes, we shall not go on strike. If our movement is politically motivated, we would not have taken this decision."

यह साफ उन्होंने कहा है और श्री डागे ने काफी तफसील के साथ इस चीज मे मन्त्री महोदय को और सारे देश की जनता को आगाह किया है।

और एक चीज मे कहना चाहता हू कि ट्रेन्स कैंसिल कर के जो साधारण पैसेंजर्स या जनता को मजदूरो के खिलाफ करने की कोशिश हो रही है, मैं उन से कहूंगा इस कोशिश को छोड दे। सवाल है कि जितना भ्रष्टाचार और जितना भी पिलफरेज या और चीजें हुई हैं रेलवे मे और जो उनका नकारापन रेलवे बोर्ड ने साबित कर दिया है कि देश मे न कोयला और न इस्पात कारखानों को कोयला पहुचा सके, यह सारी चीजे अपना नकारापन लोगो के सामने साबित न हो इसलिये वह चाहते है कि हड़ताल की आड़ मे उन सारे अपने गुनाहो को छुपा लें।

**अध्यक्ष महोदय** : अब आपको पता लगा है कि रुकावट कैसा दुख देती है।

**श्री एस० एम० बनर्जी** : तो अपने गुनाहों को छुपाने के लिए वह यह चाहते है कि देश में हडताल हो, जब कि मजदूर हड़ताल नहीं चाहते ..... (व्यवधान)

आज लोगों को एम० आई० एम० ए० मे, डी० आई० आर० मे गिरफ्तार कर के हडताल रुक सकती हो तो आपने देख लिया कि 1960 की हडताल मे लोगों को गोली से मारा गया लेकिन हडताल नही रुकी। 1968 में 55,000 लोगो को गिरफ्तार किया, निकाला गया, लेकिन हडताल नही रुकी। क्योंकि हडताल के बाद 27 साल की आजादी के बाद भी जो सरकार न अन्न दे सके, न कोयला दे सके, न तेल दे सके कोई सामान न दे सके ठीक दाम पर वह यह कहे कि यह पोलिटिकली मोटिवेटेड है, कुछ उचित नही लगता। अगर आज गेहू मागना, चावल मागना पोलिटिक्स है तो हम यह पालिटिक्स करेंगे और डट कर करेंगे। आप ऐसे कह रहे है कि जैसे सारा सामान हडताल न होने स पहुच ही जाता। लेकिन हडताल की नोटिस के बाद ट्रेन्स को कैंसिल किया जा रहा है। लोगों को बेवकूफ बनाने के कुछ तरीके होते है लेकिन हर दफ़ा नहीं चलते। इसलिये मंत्री महोदय तमाम चीजों को छोड कर, नौकरशाहों के चक्कर में न आकर वह आज राष्ट्रीय पैमाने पर सोचे कि रेलवे कर्मचारी अगर हडताल करना है तो वह हडताल सिमट कर नही रहेगी रेलवे तक, बल्कि उसकी आच डिफेंस, पी० एंड टी० और तमाम कर्मचारियों के बीच मे जाएगी। और मै श्री गोपालन जी की उस बात को दोहराना चाहता हूं जो उन्होंने कहा कि यह सारे देश की हडताल होगी जो देश के लिए अच्छी न होगी। इसलिये जो उनकी बोनस के बारे में डिमान्ड है आप उसको मान ले। आई० एन० टी० यू० सी० ने भी अचानक अगड़ाई ले ली और कहा कि बोनस मिलना चाहिये।

[श्री एस० एम० बनर्जी]

अध्यक्ष महोदय, आपके इन्साफ़ पर मैं कहना चाहता हूं कि जो हवाई जहाज बनाये वह बोनस के हकदार है एच०ए०एल० में। लेकिन जो जहाज चलाये वह नही। जो लोकोमोटिव बनाये, जो टैंक बनाये उसको बोनस नहीं मिलेगा। ऐसा क्यों। जब जहाज बनाने वाले को बोनस मिल सकता है तो लोकोमोटिव और टैंक बनाने वाले को भी बोनस मिलना चाहिये।

पब्लिक अन्डरटेकिंग्स और डिपार्टमेंट्स अन्डरटेकिंग्स की बात की जाती है। रेलवे कर्मचारियों को, डिफ़ेंस और पी० एण्ड टी० को बोनस इसलिये नही मिलेगा कि वह पब्लिक अन्डरटेकिंग्स नहीं है, बल्कि डिपार्ट-मेंटल अन्डरटेकिंग है। ऐसा मालूम होता है कि विधि ने जब पैदा किया तो लिख दिया था कि तुम डिपार्टमेंटल अन्डरटेकिंग में जाओगे इसलिए बोनस नही मिलेगा। कोई रीजन नही है. सिर्फ़ जबरदस्ती है कि आपको बोनस नही मिलेगा। इस दलील को कोई मानने को तैयार नही है।

दूसरी चीज यह है कि पब्लिक अन्डर-टेकिंग और डिपार्टमेंटल अन्डरटेकिंग में पेरिटी होनी चाहिए। एक नेशनल वेज पालिसी होनी चाहिये। क्लासिफिकेशन ट्राइब्यूनल या ऐक्सपोर्ट कमेटी क्लासिफ़ाई कर ले, अगर डिफेंस मिनिस्ट्री दे सकती है उसके ऊपर सैंक्शन हो सकती है, हाई कोर्ट का जज प्रीसाइड कर सकता है तो सैंक्शन हो गया। रेलवे में क्या बात है? रेलवे बोर्ड के चेयरमैन नाराज़ है क्या। उन की नाराजगी न देखें। कभी यह भी सोचा क्या होगा? वरना उनका तो एक ही मुद्दा है कि मंत्री बदनाम हो या और कोई बदनाम हो, वह चलने चाहिये। यह जो रेलवे बोर्ड के मेम्बर हैं मुझसे कोई जाती झगड़ा नही है, मेरे मित्र हैं लेकिन यह जो शांड नीरोज़ आप ने भर्ती कर रखे है यह देश को नही चलने देंगे। आप इन नीरोज को दबाने के लिए हीरो जब तक नहीं बनेंगे तब तक कुछ नहीं होगा। इसलिए आप समझौता कीजिए।

आप ने लोको हड़ताल के समय समझौता किया, दिन रात मैं ने भी समझौता कराने की कोशिश की जिस से हड़ताल खत्म हो। लेकिन क्या हुआ? आश्वासन जो आप ने दिये थे आप बतायें वह पूरे हुए? क्या ब्रेक इन सर्विस नहीं हुआ। क्या वह पीनल ट्रान्सफर या विक्टिमाइजेशन और डी० आई० आर० के केस वापस हुए, अगर आश्वासन पूरे नही हुए तो कैसे आप आशा करते है कि शान्ति रहेगी? इसलिए मेरा आग्रह है कि आप उन आश्वासनों को पूरा कीजिए और कोशिश कीजिए। मैं प्रधान मंत्री से अपील करना चाहता हूं कि वह अपने कबीने को जरा समझायें कि जो इंटेलीजेंस से खबर जा रही है कि टेरिटोरियल आर्मी को तैयार रखे, लोगों की गिरफतारी निकाल दीजिए, वारन्ट निकाल दीजिए इन लोगों के खिलाफ़ जिस से हड़ताल न हो सके, यह उनकी गलती होगी? चाहे आपकी सेंट्रल इंटेलीजेंस हो या प्राविंशल इंटेलीजेंस हो या डिस्ट्रिक्ट इंटेलीजेंस हो या विदाउट प्रापर इंटैलीजेंस हो आप देख लेंगे कि हड़ताल हो गई। इस वास्ते आप इस चक्कर में न रहे।

यह कहा गया है कि ट्रेन्स को कैंसल किया गया है। यहा पर रिजरवेशन आफिस खुला है। कितने ही आदमी जा रहे है और रिजरवेशन करा रहे हैं। अखबारों में निकाल दिया गया है कि रिजरवेशन नहीं होगा। लोगो को परेशान करने से कोई फायदा नहीं होगा। जनता का समर्थन आपको भी और हमें भी चाहिए। हम चाहते हैं समझौता हो। श्री जार्ज फरनेंडीस, श्री डांगे, श्रीमती पार्वती कृष्णन जो हमारे लीडर हैं सभी चाहते हैं कि समझौता हो। लेकिन हम बाइज्जत समझौता चाहते हैं। अगर न हुआ और लड़ाई

लड़नी पड़ी तो वह आफेंसिव की लडाई नही होगी सैल्फ डिफेंस के लिए हम लडाई लड़ेंगे पूरी ताकत के साथ लडेंगे।

श्री रेड्डी ने बहुत राष्ट्रीयता का उपदेश दिया है और पाकिस्तान का भी उस उपदेश में जिक्र किया है। मैं उनको बताना चाहता हू कि शायद राष्ट्रीयता का झंडा उनको ही दे दिया गया है। और कह दिया गया है कि इसको ले कर वह घूमते फिरते रहे उनको पता होना चाहिये कि 1962 में और 1971 मे जब देश पर आक्रमण हुआ था तो रेलवेमैन एक इसान बन कर खडे हो गए थे। इस वास्ते वह उनको राष्ट्रीयता का सबक न पढाए। हम जी जान से चाहते है कि समझौता हो। आप अगर दस कदम आगे बढते है तो हम पचास कदम आगे बढने के लिये तैयार हैं। लेकिन अगर समझौता नही हुआ तो हडताल होगी और जम कर होगी।

**श्री एल० एन० मिश्र** : मैं बनर्जी साहब को धन्यवाद देता हू कि उन्होने दूसरे माननीय सदस्यो से कुछ भिन्न बात कही है। हम भी यही चाहते है कि समझौता हो। बनर्जी साहब से मुलाकाते सदन से बाहर ज्यादा होती है। वह मेरे विचारों से अवगत हैं। हमने अवसर के मुताबिक हमेशा उठने की कोशिश की है। समझौता करने की हमने सदा ही कोशिश की है। जहा तक लोको स्टाफ का सवाल है तीन हडताले हुई हैं और जो समझौता हुआ है उस मैं जो एश्योरेंसिस दी गई है उनको पूरा किया गया है। विकिट-माइजेशन की बात उन्होने की है, ट्रांस्फर्ज वगैरह की बात की है। हमने एक कमेटी सैट अप की है। रेलवे के इतिहास मे यह पहली बार है कि चीफ कमिश्नर आफ लेबर की अध्यक्षता मे कमेटी सेट अप की गई है। उस मे हमारे अफसर हैं और मजदूरो के प्रतिनिधि है। सभी मिल कर काम कर रहे हैं। हम नही चाहते है कि किसी के साथ भी जरा सी ज्यादती हो। जो विक्टिमाइजेशन हुआ है उसको हम नही मानना चाहते हैं हम उनके साथ न्याय करना चाहते है। कमेटी बैठी हुई है। उस मे रेल बोर्ड के लोग प्रतिनिधियो के रूप मे है अध्यक्ष उस कमेटी के चीफ कमिश्नर आफ लेबर है। मै अब भी कहता हू कि अगर ऐसा एक भी केस हुआ जो हमारी एश्योरेंस के अन्दर आता हो, उसकी परिधि के अन्दर आता हो तो उसको देखने के लिए मै खुद तैयार हू, चार पाच घटे बैठ कर उसको देखने के लिए तैयार है। जो आश्वासन दिया है उस से हम पीछे नहीं जा सकते है।

पहले पहल रेलवे मे इवैल्युएशन और इम्प्लेमेंटेशन सैल इसी लिए कायम हुआ कि डिविजनल सुपरिटेंडेंट से ले कर रेलवे मिनिस्टर और प्राइम मिनिस्टर तक किसी समय जब लाल बहादुर शास्त्री जी थे पडित जी ने आश्वासन दिया था और उस सैल मे जो भी बात होनी है उस पर वहा समझौता करते है।

उनकी आवाज के साथ मैं अपनी आवाज को भी जोडना चाहता हू------

**श्री रामावतार शास्त्री** मैकेनेकिल स्टाफ के बारे मे भी तो बताइये।

**श्री एल० एन० मिश्र** लोको रनिग स्टाफ और लोकोमैन मैकेनिकल स्टाफ दोनो अलग अलग हैं एक नही है। दोनो के साथ दो समझौते हुए है और अलग अलग हुए हैं। लोको मकेनिकल स्टाफ के साथ मेरा समझौता नही हुआ है। दूसरे लेवेल पर हुआ है। लेकिन उसको भी मैं देखने के लिए तैयार हू। विक्टिमाइजेशन की बात होगी तो मैं उसको देखने के लिए तैयार हू। लेकिन वह समझौता मेरे साथ नही हुआ है।

जिस स्पिरिट मे हमने बातचीत शुरू की है उसी स्पिरिट मे हम इसको आगे भी जारी रखना चाहते है। हम हर सम्भव कोशिश करेगे कि कोई समझौता हो जाए। हम आगे बढने की कोशिश करेगे। वे अगर आगे बढेगे तो सरकार

[श्री एल० एन० मिश्र]

की तरफ से मैं आश्वासन देता हूं कि आप हम में कोई कमी नही पाएगे। लेकिन इतना मैं जरूर कहता हूं कि जो भार हम ढो नही सकते हैं, जिस लोड को हम कैरी नही कर सकते हैं, वह मेरे लिए मुशिकल बात है। जो प्रैक्टिकल प्रोपोजीशन होगी उसको हम करेंगे। आपके माध्यम से मैं रेलवेमैन से अपील करता हूं कि वे इस हड़ताल में भाग न लें।

---

13.27rhs.

## PAPERS LAID ON THE TABLE

COMPTROLLER AND AUDITOR GENERAL'S REPORT RE. GOVT. OF INDIA (DEFENCE SERVICES) FOR 1972-73, APPROPRIATION ACCOUNTS (DEFENCE SERVICES), 1972-73, CENTAL EXCISE (2ND AMDT) RULES, 1974, AND NOTIFICATIONS UNDER CENTRAL EXCISE RULES, 1944 AND GUJARAT SALES TAX ACT, 1969

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRIMATI SUSHILA ROHATGI): On behalf of Shri K. R. Ganesh,

I beg to lay on the Table—

(1) A copy of the Report (Hindi and Engliish versions) of the Comptroller and Auditor General of India for the year 1972-73. Union Government (Defence Services), under article 151(1) of the Constitution. [*Placed in Library. See* No LT-6821/74].

(2) A copy of Appropriation Accounts of the Defence Services for the year 1972-73 and Commercial Appendix thereto (Hindi and English versions). [*Placed in Library. See* No. LT-6822|74]

(3) (i) A copy of Central Excise (Second Amendment) Rules, 1974 (Hindi and English versions) published in Notification No. G.S.R. 355 in Gazette of India the 6th April, 1974, under section 38 of the Central Excise and Salt Act 1944

(ii) A statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the above Notification.

[*Placed in Library. See* No. LT-6823|74]

(4) A copy of Notification No. G.S.R. 385 (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated the 13th April, 1974, issued under the Central Excise Rules, 1944, together with an Explanatory memorandum. [*Placed in Library See* No. LT-6824/74]

(5) (i) A copy of Gujarat Notifiacation No. (GHN-246)-(GST-1074—(S 49)-(30)-TH published in Gujarat Government Gazette dated the 25th March, 1974 making certain amendments to Notification No. (GHN-627) GST-1070|(S. 49)-TH dated the 29th April, 1970, under sub-section (3) of section 49 of the Gujarat Sales Tax Act, 1969, read with clause (c) (iii) of the Proclamation dated the 9th February, 1974 issued by the President in relation to the State of Gujarat.

(ii) A statement (Hindi and English versions) explaining reasons for not laying the Hindi version of the above Notifiacation.

[*Placed in Library. See* No. LT-6825|74]

NOTIFICATIONS RE. NAVY (DISCIPIANE AND MISCELL. PROVISIONS AMDT.) REGULATIONS, 1974, NAVAL CEREMONIAL CONDITIONS OF SERVICE AND MISCELL. REGULATIONS, 1974 AND INDIAN NAVY AUXILIARY SERVICE REGULATIONS, 1973.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI J. B. PATNAIK): I beg to lay on the Table—